100% Solutions

# SSC
# कांस्टेबल (जी.डी.)

BSF, CISF, CRPF, ITBP, SSB, SSF & ASSAM RIFLES

## 35 वर्ष-वार (2023 & 2024)

**All Latest**

## विगत वर्ष के हल पेपर्स

कुल भर्तियाँ 39481



मासिक करेंट अफेयर्स मैगज़ीन (QR कोड)

FREE 10 ONLINE TESTS

| SSC कांस्टेबल (जी.डी.) परीक्षा-2024 विश्लेषण | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** | **8** | **9** | **10** |
| **विषय** | **विवरण** | जीडी सॉल्वड पेपर 2024 (20/02/2024) S-1 | जीडी सॉल्वड पेपर 2024 (20/02/2024) S-2 | जीडी सॉल्वड पेपर 2024 (20/02/2024) S-3 | जीडी सॉल्वड पेपर 2024 (20/02/2024) S-4 | जीडी सॉल्वड पेपर 2024 (21/02/2024) S-1 | जीडी सॉल्वड पेपर 2024 (21/02/2024) S-2 | जीडी सॉल्वड पेपर 2024 (21/02/2024) S-3 | जीडी सॉल्वड पेपर 2024 (21/02/2024) S-4 | जीडी सॉल्वड पेपर 2024 (22/02/2024) S-1 | जीडी सॉल्वड पेपर 2024 (29/02/2024) S-3 |
| **सामान्य ज्ञान और सामान्य जागरूकता** | इतिहास | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 1 |
| | भूगोल | 2 | 1 | 3 | 3 | 4 | - | 3 | 2 | 3 | 2 |
| | राज व्यवस्था | 3 | 3 | 1 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| | अर्थशास्त्र | 2 | 3 | 2 | 3 | 1 | 3 | 2 | 5 | 1 | 2 |
| | भौतिक विज्ञान | - | 1 | 1 | - | 1 | - | - | - | - | - |
| | रसायन विज्ञान | 1 | - | - | 1 | - | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| | जीवन विज्ञान | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| | सामान्य ज्ञान | 7 | 7 | 5 | 6 | 7 | 6 | 4 | 6 | 7 | 8 |
| | सामान्य जागरूकता | 3 | 3 | 6 | 3 | 3 | 6 | 6 | 2 | 4 | 4 |
| | **TOTAL** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** |
| **हिंदी** | तत्सम/तद्भव/शब्द भेद/एकार्थी शब्द | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 1 |
| | पर्यायवाची शब्द | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| | मुहावरे और लोकोक्तियाँ | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| | सामासिक पदों की रचना और समास विग्रह | - | - | - | 1 | - | - | - | - | - | - |
| | विपरीतार्थक (विलोम) शब्द | 2 | 2 | 2 | 1 | 2 | 2 | 2 | 2 | 3 | 2 |
| | वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द | 2 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 2 | 2 | 1 |
| | वाक्य-शुद्धि: अशुद्ध वाक्यों का शुद्धिकरण और वाक्यगत अशुद्धि का कारण | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 3 | 1 | 4 |
| | शब्द-शुद्धि: अशुद्ध शब्दों का शुद्धिकरण और शब्दगत अशुद्धि का कारण | 1 | 1 | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 | 1 | 2 |
| | रिक्त स्थान पूर्ति | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 |
| | लिंग संबंधी | 1 | 1 | - | 1 | 1 | 1 | - | - | 1 | 1 |
| | संज्ञा/सर्वनाम | 1 | - | - | - | - | - | 1 | - | 1 | - |
| | **TOTAL** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** |
| **सामान्य बुद्धि और तर्कशक्ति** | सादृश्यता | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 | 2 | 2 |
| | संख्या श्रृंखला | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| | गणितीय संक्रियाएँ | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 1 | 2 |
| | कूट लेखन-कूटवाचन | 2 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 2 | 2 | 3 | 2 |
| | वर्णमाला श्रृंखला | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| | शब्दकोश/तार्किक क्रम | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| | न्याय वाक्य | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| | पहेली परीक्षण | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| | रक्त संबंध | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| | कागज के टुकड़े और मोड़ | - | - | - | - | - | 1 | - | - | 1 | 1 |
| | पासा | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 1 | 1 | - | - | 1 |
| | अन्तर्निहित आकृति | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | - | - |
| | दर्पण प्रतिबिंब | - | - | - | - | - | - | - | 1 | 1 | 1 |
| | अशाब्दिक श्रृंखला | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 1 | 2 | 3 | 3 | 2 |
| | **TOTAL** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** |
| **प्रारंभिक गणित** | संख्या पद्धति | - | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | - |
| | सरलीकरण | 3 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 3 |
| | लघुत्तम समापवर्त्य और महत्तम समापवर्तक | 1 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 1 |
| | समय एवं दूरी | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| | अनुपात एवं समानुपात | 2 | 3 | 2 | 2 | 3 | 2 | 2 | 2 | 3 | 2 |
| | समय एवं कार्य | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 1 |
| | लाभ एवं हानि | 4 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 3 | 4 | 5 | 4 |
| | औसत | 1 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| | प्रतिशत | 3 | - | 1 | 1 | - | - | 1 | 2 | - | 2 |
| | चक्रवृद्धि ब्याज | 1 | - | - | - | - | - | - | 1 | - | 1 |
| | साधारण ब्याज | 1 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 1 | 2 | 1 |
| | आयु | 1 | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| | पाइप्स एवं टंकी | - | - | - | - | - | - | - | - | 1 | - |
| | क्षेत्रमिति | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | - | 1 | 1 |
| | **TOTAL** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** | **20** |

# विषय-सूची

**1.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 1st Feb 2023 Shift-2)....................1-7

**2.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 1st Feb 2023 Shift-3)....................8-14

**3.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 1st Feb 2023 Shift-4)....................15-21

**4.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 2nd Feb 2023 Shift-1)....................22-28

**5.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 2nd Feb 2023 Shift-2)....................29-35

**6.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 2nd Feb 2023 Shift-3)....................36-42

**7.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 2nd Feb 2023 Shift-4)....................43-50

**8.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 6th Feb 2023 Shift-3)....................51-57

**9.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 7th Feb 2023 Shift-1)....................58-65

**10.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 7th Feb 2023 Shift-2)....................66-73

**11.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 7th Feb 2023 Shift-3)....................74-81

**12.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 7th Feb 2023 Shift-4)....................82-89

**13.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 27th Jan 2023 Shift-1)....................90-97

**14.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 27th Jan 2023 Shift-2)....................98-105

**15.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 27th Jan 2023 Shift-3)....................106-113

**16.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 27th Jan 2023 Shift-4)....................114-120

**17.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 30th Jan 2023 Shift-1)....................121-128

**18.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 30th Jan 2023 Shift-2)....................129-136

**19.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 30th Jan 2023 Shift-3)....................137-143

**20.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 31st Jan 2023 Shift-1)....................144-150

**21.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 31st Jan 2023 Shift-2) ........ 151-158

**22.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 31st Jan 2023 Shift-3) ........ 159-165

**23.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 31st Jan 2023 Shift-4) ........ 166-172

**24.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 24th Jan 2023 Shift-1) ........ 173-179

**25.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023 (Held on 24th Jan 2023 Shift-3) ........ 180-187

**26.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2024 (Held on 20th Feb 2024 Shift-1) ........ 188-195

**27.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2024 (Held on 21st Feb 2024 Shift-1) ........ 196-202

**28.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2024 (Held on 22nd Feb 2024 Shift-1) ........ 203-210

**29.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2024 (Held on 29th Feb 2024 Shift-1) ........ 211-218

**30.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2024 (Held on 20th Feb 2024 Shift-2) ........ 219-226

**31.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2024 (Held on 21st Feb 2024 Shift-2) ........ 227-234

**32.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2024 (Held on 20th Feb 2024 Shift-3) ........ 235-242

**33.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2024 (Held on 21st Feb 2024 Shift-3) ........ 243-250

**34.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2024 (Held on 20th Feb 2024 Shift-4) ........ 251-258

**35.** SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2024 (Held on 21st Feb 2024 Shift-4) ........ 259-266

**मासिक करेंट अफेयर्स मैगज़ीन**

**Scan Me**

**10 ऑनलाइन कम्प्यूटर आधारित टेस्ट्स**

**Scan Me**

# 1 SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2023
## (Held on 1st Feb 2023 Shift-2)


### भाग A: सामान्य बुद्धि और तर्कशक्ति





**1.** आठ व्यक्ति दो समानांतर पंक्तियों में प्रत्येक पंक्ति में 4 व्यक्ति इस प्रकार बैठे हैं कि साथ में बैठे व्यक्तियों के बीच की दूरी समान है।
पंक्ति I में – A, B, C और D बैठे हैं, और उन सभी का मुख दक्षिण की ओर है।
पंक्ति II में – V, X, Y और Z बैठे हैं, और उन सभी का मुख उत्तर की ओर है।
B, A के बगल में बैठा एकमात्र व्यक्ति है, और A, Y के ठीक सामने बैठा है। V पंक्ति के अंतिम बाएं सिरे पर बैठा है, और C के ठीक सामने है। D, C के बाईं ओर ठीक बगल में, और X के ठीक सामने बैठा है।
Y के ठीक बायीं ओर कौन बैठा है?
(*a*) X  (*b*) Z
(*c*) V  (*d*) A

**2.** किस विकल्प में निम्नलिखित शब्दों का वह क्रम दिया गया है, जिस क्रम में वे अंग्रेजी शब्दकोश में आते हैं?
1. universe  2. unicorn
3. understood  4. unhappy
5. uniform

(*a*) 3,4,2,5,1
(*b*) 3,4,5,1,2
(*c*) 3,2,1,5,4
(*d*) 3,2,1,4,5

**3.** उस विकल्प आकृति का चयन करें जो दी गई आकृति में सन्निहित है। (इसमें घूर्णन किये जाने की अनुमति नहीं है)



(*a*)

(*b*)

(*c*)

(*d*)


**4.** तीन कथनों के बाद तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, निर्णय लीजिए कि कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/हैं।

**कथन:**

कुछ टेप गोंद हैं.

कुछ गोंद पेंट हैं।

सभी पेंट कंप्यूटर हैं।

**निष्कर्ष:**

I. कुछ टेप पेंट हैं।
II. सभी गोंद पेंट हैं।
III. कुछ गोंद कंप्यूटर हैं।

(*a*) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(*b*) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(*c*) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है।
(*d*) केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है।

**5.** निम्नलिखित में से कौन सा पद दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?
BSWG, CTXE, DUYC, ?, FWAY
(*a*) AAZV  (*b*) EVZA
(*c*) VEAZ  (*d*) ZVEA

**6.** निम्न श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर कौन सी संख्या आएगी?
63, 60, 66, 57, ?
(*a*) 69  (*b*) 70  (*c*) 55  (*d*) 65


**7.** उस विकल्प का चयन करें जो पांचवें अक्षर-समूह से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा अक्षर- समूह पहले अक्षर-समूह से और चौथा अक्षर-समूह तीसरे अक्षर-समूह से संबंधित है।
KBT : PEU :: UQA : ZTB :: FJR : ?
(*a*) LNT  (*b*) KMQ
(*c*) JMU  (*d*) KMS





**8.** नीचे दिए गए समीकरण को गणितीय रूप से सही बनाने के लिए किन दो चिन्हों को परस्पर बदलना चाहिए?
$112 - 14 \div 40 + 4 \times 18 = 40$
(*a*) ÷ और –  (*b*) + और ÷
(*c*) + और ×  (*d*) – और +

**9.** एक कूट भाषा में, 'our son's car' को 'fu da be' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, 'son's birthday today' को 'la fu ja' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'today our match' को 'he da la' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। शब्द 'car match' के लिए कूट क्या होगा?
(*a*) da he  (*b*) fu be  (*c*) la he (*d*) he be

**10.** निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी?
1, 5, 17, 53, ?
(*a*) 157  (*b*) 145
(*c*) 161  (*d*) 178

**11.** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन करें जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) का स्थान ले सकती है।









(*a*)

(*b*)

(*c*)

(*d*)


**12.** दिए गए समीकरण में चिह्नों को क्रमिक रूप से बदलने और समीकरण को संतुलित (सही) करने के लिए निम्नलिखित विकल्पों में से सही गणितीय चिह्नों के संयोजन का चयन करें।
45 * 15 * 13 * 52 * 26 * 37
(*a*) =, –, +, ÷, +  (*b*) +, ×, =, ÷, ×
(*c*) ÷, ×, =, ÷, +  (*d*) =, ×, +, –, –

**13.** A @ B का अर्थ है 'A, B का पति है'।
A & B का अर्थ है 'A, B की माता है'।
A # B का अर्थ है 'A, B की पुत्री है'।
A % B का अर्थ है 'A, B का सहोदर है'।
यदि R # P @W% F & K है, तो R, K से किस प्रकार संबंधित है?
(*a*) माँ की बहन की बेटी
(*b*) भाई
(*c*) जीजाजी
(*d*) भतीजा

**14.** एक कागज को नीचे दिखाए अनुसार मोड़ा और काटा जाता है। खोलने पर यह कैसा दिखाई देगा?



(*a*)

(*b*)

(*c*)

(*d*)


**15.** उस समुच्च्य का चयन करें, जिसकी संख्याओं के बीच ठीक वही संबंध है, जो संबंध निम्नांकित समुच्चयों की संख्याओं में हैं।

(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में विभाजित किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर ही गणितीय संक्रियाएँ की जानी चाहिए। जैसे 13 मान लीजिए 13 पर गणितीय संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़कर और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(40, 175, 15) (30, 133, 11)

(*a*) (29, 110, 13) (*b*) (25, 91, 12)
(*c*) (17, 45, 10) (*d*) (25, 108, 10)

**16.** दर्पण को चित्र में दिखाए अनुसार MN पर रखे जाने पर दी गई आकृति के सही दर्पण छवि का चयन करें।

M
m w r t f n h k l |
N

(*a*) l ꓘ d n ʇ ɟ ɿ w m (*b*) l ꓘ d u ʇ ɟ ɿ w m
(*c*) l ꓘ d n ɟ ʇ ɿ w m (*d*) l ꓘ d n ʇ ɟ ɿ m w

**17.** उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है (शब्दों को अर्थपूर्ण शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए और शब्द में अक्षरों/व्यंजनों/ स्वरों की संख्या के आधार पर एक दूसरे से संबंधित नहीं किया जाना चाहिए)

शंकु : आकृति :: कार _________

(*a*) स्टेयरिंग (*b*) टायर
(*c*) वाहन (*d*) सड़क

**18.** छः व्यक्ति A, B, C, D, E और F एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर अभिमुख हो कर बैठे हैं। E, B के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। F, B और A के ठीक बगल में बैठा है। D, F के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। C के दाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा है?

(*a*) D (*b*) E (*c*) B (*d*) A

**19.** एक निश्चित कूट भाषा में, 'PEOPLE' को 'QEOQME' लिखा जाता है और 'MONKEY' को 'NOOLEZ' लिखा जाता है। उसी भाषा में 'SILVER' कैसे लिखा जाएगा?

(*a*) TJWMES (*b*) TIMWES
(*c*) TWJMSE (*d*) TJWMSE

**20.** निम्नलिखित में से कौन-सा पद दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

ZLJI, XJHG, VHFE, ?, RDBA

(*a*) TFDC (*b*) TFEC
(*c*) RFDC (*d*) TFDE

## भाग B: सामान्य ज्ञान और सामान्य जागरूकता

**21.** निम्नलिखित में से कौन हर्षवर्धन के दरबारी कवि और 'हर्षचरित' के लेखक थे?

(*a*) राजशेखर (*b*) कालिदास
(*c*) आर्यभट्ट (*d*) बाणभट्ट

**22.** माइक्रोफाइनेंस ऋण को किसी संपार्श्विक की आवश्यकता ____________ है।

(*a*) नहीं होती (*b*) होती
(*c*) हमेशा होती (*d*) अधिकांशत: होती है

**23.** उत्तर-पूर्वी पवनें कहां से उत्पन्न होती हैं?

(*a*) दक्षिणी गोलार्ध के उष्ण कटिबंधीय उच्च दाब कटिबंध
(*b*) उत्तरी गोलार्ध के उपोष्णकटिबंधीय उच्च दाब कटिबंध
(*c*) उत्तरी गोलार्ध के उष्ण कटिबंधीय उच्च दाब कटिबंध
(*d*) दक्षिणी गोलार्ध के उपोष्णकटिबंधीय उच्च दाब कटिबंध

**24.** इंडिया इंटरनेशनल कॉन्क्लेव 2022 में वैश्विक शांति के राजदूत के रूप में किसे मान्यता दी गई?

(*a*) आदेश गिंदोदिया
(*b*) अंकिता शर्मा
(*c*) आंचल कुमार श्रीवास्तव
(*d*) बबीता सिंह

**25.** मुकाबले को समाप्त घोषित करने के लिए एक फ्रीस्टाइल पहलवान के पास अपने प्रतिद्विन्दी के विरुद्ध कितने अंक होने चाहिए?

(*a*) 10 (*b*) 14 (*c*) 12 (*d*) 8

**26.** भारत में हरित क्रांति का नेतृत्व निम्न में से किसने किया था?

(*a*) नॉर्मन बोरलॉग (*b*) एम.एस स्वामीनाथन
(*c*) जवाहर लाल नेहरू (*d*) महात्मा गांधी

**27.** निम्नलिखित में से किसे भारत का 'फ्लाइंग सिख' कहा जाता है?

(*a*) मोहिन्दर सिंह (*b*) अजीत पाल सिंह
(*c*) जोगिन्दर सिंह (*d*) मिल्खा सिंह

**28.** कौशल भारत मिशन को ____________ के प्रमुख कार्यक्रम के तहत लॉन्च किया गया था।

(*a*) कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय
(*b*) सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
(*c*) श्रम और रोजगार मंत्रालय
(*d*) वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

**29.** 1950-51 में, सकल घरेलू उत्पाद में औद्योगिक क्षेत्र का योगदान लगभग कितने प्रतिशत था?

(*a*) 11.8 (*b*) 15.2 (*c*) 22.4 (*d*) 6.2

**30.** असम का सत्रीया नृत्य __________ से प्रेरित है।

(*a*) शक्ति आंदोलन (*b*) भक्ति आंदोलन
(*c*) तंत्रवाद (*d*) सूफी आंदोलन

**31.** नाइट्रोजन का परमाणु द्रव्यमान कितना है?

(*a*) 18 (*b*) 14
(*c*) 16 (*d*) 12

**32.** 1866 में, लंदन में ईस्ट इंडिया एसोसिएशन की स्थापना निम्नलिखित: में से किसने की थी?

(*a*) राजा राम मोहन रॉय
(*b*) दादाभाई नैरोजी
(*c*) सत्येन्द्र नाथ टैगोर
(*d*) सैय्यद अहमद खान

**33.** रुक्मिणी देवी अरुंडेल ने किस नृत्य शैली में विभिन्न पुरस्कार जीते हैं?

(*a*) कथक (*b*) कथकली
(*c*) भरतनाट्यम (*d*) लावणी

**34.** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में कहा गया है कि भारत अर्थात् इंडिया 'राज्यों का संघ' होगा?

(*a*) अनुच्छेद 1 (*b*) अनुच्छेद 2
(*c*) अनुच्छेद 10 (*d*) अनुच्छेद 11

**35.** प्रत्येक बारह वर्ष बाद मनाया जाने वाला 'महामस्तकाभिषेक' एक ____________ त्योहार है।

(*a*) सिक्ख (*b*) बौद्ध
(*c*) जैन (*d*) हिन्दू

**36.** विषम का चयन करें। (संकेत: कृषि प्रक्रियाएं)

(*a*) जुताई (*b*) बुवाई
(*c*) खाना (*d*) छिड़काव

**37.** जनगणना 2011 के अनुसार भारत के किस राज्य में महिला साक्षरता दर सबसे कम है?

(*a*) बिहार (*b*) राजस्थान
(*c*) हिमांचल प्रदेश (*d*) उत्तर प्रदेश

**38.** भारत के किस केंद्रीय मंत्री ने नवंबर 2022 में भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में खादी इंडिया पवेलियन का उद्घाटन किया?

(*a*) नारायण राणे
(*b*) निर्मला सीता रमण
(*c*) सुभ्रमण्यम जयशंकर
(*d*) किरण रिजजू

**39.** भारत के संविधान के **अनुच्छेद 100(3)** के तहत, संसद के किसी भी सदन की बैठक का गठन करने के लिए आवश्यक गणपूर्ति, सदन के सदस्यों की कुल संख्या का __________ भाग है।

(*a*) एक का पांचवा भाग
(*b*) एक तिहाई
(*c*) आधा
(*d*) एक का दसवा भाग

**40.** निम्नलिखित में से कौन सा जीवाणु संक्रमण का एक लक्षण है?

(*a*) हृदय रोध (*b*) फ्रैक्चर
(*c*) दिल का दौरा (*d*) बुखार

## भाग C: प्रारंभिक गणित

**41.** उस घन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल __________ है, जिसकी भुजा 0.75 सेमी है।
(*a*) 3.735 सेमी$^2$ (*b*) 3.357 सेमी$^2$
(*c*) 3.375 सेमी$^2$ (*d*) 3.537 सेमी$^2$

**42.** ₹30,000 पर 9% प्रति वर्ष की दर से वार्षिक रूप से संयोजित चक्रवृद्धि ब्याज ₹5,643 है। इसकी समय अवधि (वर्षों में) ज्ञात कीजिए।
(*a*) तीन (*b*) पाँच
(*c*) दो (*d*) चार

**43.** किसी वस्तु के अंकित मूल्य पर 10% और 12% की क्रमिक छूट के बाद, उसे ₹ 9,504 में बेचा जाता है, तो उसका अंकित मूल्य ________ है।
(*a*) ₹12,000 (*b*) ₹15,000
(*c*) ₹13,000 (*d*) ₹14,000

**44.** 40% वार्षिक दर से उधार दी गई एक निश्चित राशि पर, 1 वर्ष के लिए, अर्धवार्षिक रूप से देय, चक्रवृद्धि ब्याज, और 1 वर्ष के लिए साधारण ब्याज के बीच का अंतर ₹200 है। राशि _______ है।
(*a*) ₹5,500 (*b*) ₹4,000
(*c*) ₹4,500 (*d*) ₹5,000

**45.** एक विक्रेता 20 सेब ₹300 में खरीदता है और 15 सेब ₹300 में बेचता है। ₹300 का लाभ अर्जित करने के लिए कितने सेब खरीदे और बेचे जाने चाहिए?
(*a*) 65 (*b*) 50
(*c*) 55 (*d*) 60

**46.** एक स्कूटर की कीमत में 20 प्रतिशत की कमी की गई और अब इसकी कीमत ₹72000 हैं। इसका मूल मूल्य क्या था?
(*a*) ₹ 88000 (*b*) ₹ 94000
(*c*) ₹ 90000 (*d*) ₹ 100000

**47.** एक क्रिकेट टीम के ग्यारह खिलाड़ियों का स्कोर 12, 9, 52, 34, 30, 22, 0, 56, 16, 27 और 72 है। टीम का औसत स्कोर ज्ञात कीजिए।
(*a*) 35 (*b*) 30
(*c*) 27 (*d*) 34

**48.** एक बेलन का आयतन ज्ञात कीजिए जिसकी ऊँचाई 56 सेमी और आधार त्रिज्या 28 सेमी है।
$\left(\pi = \frac{22}{7}\right.$ का प्रयोग करे$\left.\right)$
(*a*) 216135 सेमी$^3$ (*b*) 154853 सेमी$^3$
(*c*) 123962 सेमी$^3$ (*d*) 137984 सेमी$^3$

**49.** मोहन और सोहन एक ही स्थान से क्रमशः 8 किमी/घंटा और 9 किमी/घंटा की चाल से चलते हैं। यदि मोहन और सोहन एक ही दिशा में जा रहे हैं, तो 4.5 घंटे के बाद मोहन और सोहन के बीच की दूरी क्या होगी?
(*a*) 4.5 किमी (*b*) 5.5 किमी
(*c*) 5.0 किमी (*d*) 4.0 किमी

**50.** 7, 4 और 7 का चतुर्थानुपाती ज्ञात कीजिए।
(*a*) 9 (*b*) 6
(*c*) 4 (*d*) 7

**51.** एक वॉशिंग मशीन का मूल्य ₹25,000 है। मूल्य में पहले 20% की वृद्धि की गई और बाद में इसे 20% कम किया गया। वॉशिंग मशीन का वर्तमान मूल्य __________ है।
(*a*) ₹ 24,000 (*b*) ₹ 25,500
(*c*) ₹ 25,000 (*d*) ₹ 24,500

**52.** कपिल, मोहन और राजू एक कार्य को अलग-अलग 18, 36 और 54 दिनों में कर सकते हैं। उन्होंने एक साथ काम शुरू किया लेकिन मोहन ने काम पूरा होने से 8 दिन पहले काम छोड़ दिया और राजू ने काम पूरा होने से 6 दिन पहले काम छोड़ दिया। वह समय (लगभग) ज्ञात करें जिसमें कार्य पूरा हुआ है।
(*a*) 19 दिन (*b*) 13 दिन
(*c*) 15 दिन (*d*) 12 दिन

**53.** वह अनुपात ज्ञात कीजिए, जिसमें ₹120 प्रति किलोग्राम वाले चावल को ₹155 प्रति किलोग्राम वाले चावल के साथ मिलाकर ₹135 प्रति किलोग्राम की दर वाला चावल का मिश्रण प्राप्त किया गया हो।
(*a*) 3 : 4 (*b*) 2 : 3
(*c*) 1 : 3 (*d*) 4 : 3

**54.** अमोल ने अपने उत्पादों का मूल्य 20 प्रतिशत से बढ़ा दिया। न लाभ न हानि के आधार पर उत्पादों को बेचने के लिए उन्हें कितनी छूट देनी चाहिए?
(*a*) (50/3) प्रतिशत (*b*) (22/5) प्रतिशत
(*c*) (27/5) प्रतिशत (*d*) (35/3) प्रतिशत

**55.** दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (म.स.प.) 6 है और उनका लघुत्तम समापवर्त्य (ल.स.प) 253080 है। यदि एक संख्या 4218 है, तो दूसरी संख्या क्या होगी?
(*a*) 488 (*b*) 120
(*c*) 245 (*d*) 360

**56.** रमेश और नरेश एक ही बिंदु से 1920 मीटर लंबे एक वृत्ताकार पथ पर एक साथ समान दिशा में 40 मी/से और 64 मी/से की गति से दौड़ना आरंभ करते हैं। आरंभ से कितने समय बाद वे पहली बार पथ पर कहीं मिलेंगे?
(*a*) 60 सेकंड (*b*) 90 सेकंड
(*c*) 80 सेकंड (*d*) 70 सेकंड

**57.** 432, 648 और 576 का महत्तम समापवर्तक और लघुत्तम समापवर्त्य क्रमशः __________ और _______ हैं।
(*a*) 72, 5184 (*b*) 36, 5184
(*c*) 36, 2592 (*d*) 72, 2592

**58.** एक कंप्यूटर को ₹26,000 में बेचने पर एक व्यक्ति को 4% का लाभ होता है। यदि वह कंप्यूटर को ₹19,000 में बेचता है, तो उसे कितनी हानि होगी?
(*a*) 24% (*b*) 14%
(*c*) 20% (*d*) 16%

**59.** समरीन और गरिमा ने मिलकर एक काम 8 दिनों में पूरा किया। यदि समरीन स्वतंत्र रूप से कार्य करते हुए उसी कार्य को 10 दिनों में पूरा कर सकती है। तो गरिमा उसी कार्य को अकेले कितने दिनों में पूरा करेगी?
(*a*) 20 (*b*) 35 (*c*) 40 (*d*) 45

**60.** निम्नलिखित में से कौन सा भिन्न सबसे बड़ा है?
$\frac{3}{5}, \frac{7}{10}, \frac{11}{15}, \frac{13}{20}$
(*a*) $\frac{11}{15}$ (*b*) $\frac{13}{20}$ (*c*) $\frac{3}{5}$ (*d*) $\frac{7}{10}$

## भाग D: हिंदी

**61.** प्रातःकाल में सूरज की किरणें मन को भाती हैं। उपरोक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के उचित पर्यायवाची शब्द का चयन विकल्पों में से कीजिए।
(*a*) रश्मि (*b*) ईख
(*c*) जया (*d*) प्रभात

**62.** "उसे यहाँ आने के लिए बोल दो।"
उपरोक्त वाक्य में क्रिया सम्बन्धी त्रुटि पहचानकर निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।
(*a*) उसे यहाँ आने के लिए कह दो।
(*b*) उसे यहाँ आने के लिए सूचना दो।
(*c*) उसे यहाँ आने के लिए भेज दो।
(*d*) उसे यहाँ आने के लिए बता दो।

**63.** निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर उपयुक्त पर्यायवाची शब्द कौन-सा होगा?
राम कुशल कारीगर है।
(*a*) भुवन (*b*) अलक
(*c*) चंचल (*d*) निपुण

**64.** जिसको लाँघना कठिन हो।
ऊपर दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द क्या होगा?
(*a*) दुर्लभ (*b*) दुर्दम्य
(*c*) दुर्लंघ्य (*d*) दुःसाध्य

**65.** निम्न वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर सर्वोचित शब्द का चयन कीजिए।
इस पर 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' वाली कथा चरितार्थ होती है।
(*a*) आख्यायिका (*b*) गाथा
(*c*) कहावत (*d*) कहानी

**66.** 'जो अंडे से जन्म लेता है' वाक्यांश के लिए इनमें से उपयुक्त शब्द कौन-सा है?
(*a*) अंत्यज (*b*) जलज
(*c*) अंडज (*d*) मलयज

**67.** 'बीज बोने के थोड़े दिन बाद अंकुर निकलने लगे।' वाक्य के किस भाग में अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है?
(*a*) बीज बोने (*b*) बाद अंकुर
(*c*) निकलने लगे। (*d*) के थोड़े दिन

68. 'महिला जब भाषण दे रही थी, उसकी आवाज में एक आकर्षण था।' निम्न में से कौन सा इस वाक्य में प्रयुक्त 'आकर्षण' शब्द का विलोम नहीं है?
(*a*) अनाकर्षण (*b*) विपकर्षण
(*c*) अपकर्षण (*d*) विकर्षण

69. 'पीतांबर ________।
उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त विकल्प निम्न में से क्या होगा?
(*a*) का अर्थ है- पीले रंग का आकाश
(*b*) का अर्थ है – पीले रंग का व्यक्ति
(*c*) का अर्थ है – पीले रंग का रथ
(*d*) का अर्थ है – पीले रंग का वस्त्र

70. निम्नलिखित मुहावरे का उपयुक्त अर्थ क्या होगा?
कागजी घोड़े दौड़ाना
(*a*) बिना मतलब का काम करना
(*b*) बहुत पढ़ना लिखना
(*c*) अत्याधिक प्रयास करना
(*d*) पढ़ाई लिखाई करना

71. उद्यम से ही सफलता मिलती है।
उपरोक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के विलोम शब्द का चयन विकल्पों में से कीजिए।
(*a*) नकारा (*b*) प्रयत्न
(*c*) उद्यमी (*d*) निरुद्यम

72. निम्नलिखित अर्थ वाले मुहावरे का चयन विकल्पों में से कीजिए।
किसी व्यक्ति का पुरानी परंपरा के साथ चलना
(*a*) मक्खी मारना
(*b*) शेखी बघारना
(*c*) राई का पहाड़ बनाना
(*d*) लकीर का फकीर होना

73. निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य कौन-सा है?
(*a*) प्रत्येक व्यक्ति कविता नहीं कर सकते।
(*b*) मैं बचपन में वहाँ जाता था।
(*c*) रघु ने निकिता को मिठाई दी।
(*d*) बैल और बकरी घास चरते हैं।

74. क्षेत्र को लेकर भारत में संघर्ष अब आम बात हो गई है।
उपरोक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर भाववाचक संज्ञा शब्द क्या होगा?
(*a*) क्षेत्रित (*b*) क्षत्रिय
(*c*) क्षेत्रीय (*d*) क्षेत्रीयता

75. 'आशा से बहुत अधिक' इस वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है –
(*a*) आशातीत (*b*) वांछित
(*c*) प्रतीक्षित (*d*) इच्छित

**निर्देश (76-80):** निम्नलिखित गद्यांश में से कुछ शब्द हटा दिए गए हैं। दिए गए विकल्पों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक संख्या के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

एक बार बिल्ली ने उचककर दो में से 1.________ अंडा तोड़ दिया। मेरी माँ ने 2.________ तो उसे दुख हुआ । उसने स्टूल 3.______ चढ़कर दूसरे अंडे को बचाने की कोशिश की। लेकि न 4. _______ कोशिश में दूसरा अंडा उसी के हाथ से गिरकर टूट 5. ________।

76. रिक्त स्थान 1 की पूर्ति के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(*a*) चार (*b*) पाँच
(*c*) तीन (*d*) एक


77. रिक्त स्थान 2 की पूर्ति के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(*a*) सूँघा (*b*) देखा
(*c*) पकड़ा (*d*) सोचा

78. रिक्त स्थान 3 की पूर्ति के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(*a*) के लिए (*b*) तक
(*c*) में (*d*) पर

79. रिक्त स्थान 4 की पूर्ति के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(*a*) इससे (*b*) इसलिए
(*c*) इस (*d*) इसकी


80. रिक्त स्थान 5 की पूर्ति के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(*a*) गए (*b*) हुआ
(*c*) गया (*d*) गई


## उत्तरकुंजी एवं व्याख्या


**1.** (*a*)


स्पष्ट रूप से, X, Y के ठीक बायीं ओर बैठा है।

**2.** (*a*) 3. understood - 4. unhappy - 2. unicorn - 5. uniform - 1. universe.

**3.** (*b*)


**4.** (*d*)



**5.** (*b*)




**6.** (*a*) 63 , 60 , 66 , 57 , 69
(–3, +3)

**7.** (*d*) जिस प्रकार,
K B T → (+5, +3, +1) → P E U
और
U Q A → (+5, +3, +1) → Z T B
उसी प्रकार,
F J R → (+5, +3, +1) → K M S


**8.** (*a*) चिन्ह ÷ और – को आपस में बदलने के बाद
$112 \div 14 - 40 + 4 \times 18 = 40$
$8 - 40 + 72 = 40 \Rightarrow 40 = 40$

**9.** (*d*) दिए गए कूट निम्नवत हैं:
'our son's car' को 'fu da be' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है।
'son's birthday today' को 'la fu ja' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है।
'today our match' को 'he da la' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है।
our = da
son's = fu
car = be
today = la
birthday = ja
match = he
'car match' के लिए कोड = he be

**10.** (*c*) 1 , 5 , 17 , 53 , 161
(×3 + 2, ×3 + 2, ×3 + 2, ×3 + 2)


**11.** (*a*) तर्क:– वैकल्पिक आकृति समान हैं।


**12.** (*c*) ÷, ×, =, ÷, + का चिन्ह लगाने के बाद
$45 \div 15 \times 13 = 52 \div 26 + 37$
$\Rightarrow 3 \times 13 = 2 + 37 \Rightarrow 39 = 39$

**13.** (*a*)


सही उत्तर माँ की बहन की बेटी है।

**14.** (*d*)




**15.** (*b*) जिस प्रकार, (40, 175, 15) = 40 – 15 = 25, 25 × 7 = 175

और, (30, 133, 11) = 30 – 11


= 19, 19 × 7 = 133

उसी प्रकार, (25, 91, 12) = 25 – 12 = 13, 13 × 7 = 91

**16.** (*a*) m w r t f n h k l | (दर्पण प्रतिबिंब) M N

**17.** (*c*) जिस प्रकार, शंकु एक आकृति है। उसी प्रकार, कार एक वाहन है।

**18.** (*b*)




स्पष्टत: E, C के निकटतम दायीं ओर बैठा है।


**19.** (*b*) तर्क: स्वरों को वैसे ही लिखा जाता है, और व्यंजन को +1 की वृद्धि होती है।

जिस प्रकार, P E O P L E → Q E O Q M E (+1, +1, +1)

और, M O N K E Y → N O O L E Z (+1, +1, +1, +1)

उसी प्रकार, S I L V E R → T I M W E S (+1, +1, +1, +1)

**20.** (*a*)




**21.** (*d*) **बाणभट्ट** हर्षवर्द्धन के दरबारी कवि थे।

वह हर्षवर्द्धन की जीवनी हर्षचरित्र के लिए प्रसिद्ध हैं।

'हर्षचरित' ऐसी पहली जीवनी थी जो संस्कृत भाषा में लिखी गई थी।

**22.** (*a*) माइक्रोफाइनेंस ऋणों के लिए आमतौर पर **कोलेटरल (गिरवी) की आवश्यकता नहीं होती है,** जिससे यह निम्न-आय वाले व्यक्तियों के लिए सुलभ हो जाता है।

यह एक प्रमुख विशेषता है जो माइक्रोफाइनेंस ऋणों को अन्य प्रकार के ऋणों से अलग करती है, जहां संपार्श्विक आवश्यक हो सकता है।

अन्य विकल्प गलत तरीके से सुझाव देते हैं कि संपार्श्विक की आवश्यकता होती है।

**23.** (*b*) उत्तर-पूर्वी पवनें, **उत्तरी गोलार्ध में उपोष्णकटिबंधीय उच्च-दाब कटिबंध** से बहती हैं।

ये पवनें उपोष्णकटिबंधीय उच्च-दाब क्षेत्र से उत्पन्न होती हैं और विषुवतीय निम्न-दाब क्षेत्र की ओर बढ़ती हैं।

ये पवनें सहारा मरुस्थल और कैरेबियन क्षेत्र के शुष्क जलवायु के लिए उत्तरदायी होती हैं

**24.** (*d*) **बबीता सिंह** को इंडिया इंटरनेशनल कॉन्क्लेव 2022 में **वैश्विक शांति राजदूत** के रूप में मान्यता दी गई थी।

वैश्विक शांति राजदूत एक अंतरराष्ट्रीय समुदाय है जिसका उद्देश्य व्यक्तियों को एक साथ लाना और स्थायी शांति और मानवता के लिए काम करना है।

**25.** (*a*) **फ्रीस्टाइल कुश्ती** में, अगर एक पहलवान अपने प्रतिद्वंद्वी पर **10 अंकों की बढ़त** हासिल कर लेता है, तो मैच समाप्त हो जाता है और उस पहलवान को **विजेता** घोषित कर दिया जाता है।

यह नियम एक स्पष्ट और निर्णायक जीत सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है।

कुश्ती की विश्व शासी संस्था, **यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (UWW)** के अनुसार, फ्रीस्टाइल कुश्ती दुनिया भर में प्रचलित शौकिया प्रतिस्पर्धी कुश्ती के छह मुख्य रूपों में से एक है।

अन्य पाँच रूप हैं ग्रीको-रोमन कुश्ती, ग्रैपलिंग/सबमिशन कुश्ती, बीच रेसलिंग, पैनक्रेशन एथलिमा, अलीश/बेल्ट रेसलिंग, और पारंपरिक/लोक कुश्ती।

**26.** (*b*) भारत में हरित क्रांति का नेतृत्व **एम.एस. स्वामीनाथन** ने किया, जिन्होंने बीजों की उच्च उपज देने वाली किस्मों (HYV) को प्रयोग में लाने और उर्वरकों के उपयोग को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**नॉर्मन बोरलॉग** को विश्व स्तर पर हरित क्रांति में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता है, जबकि एम.एस स्वामीनाथन को भारत की हरित क्रांति के जनक के रूप में जाना जाता हैं।

**27.** (*d*) **मिल्खा सिंह,** एक भारतीय एथलीट हैं, जो **"फ्लाइंग सिख"** के नाम से प्रसिद्ध हैं। उन्हें ट्रैक पर उनकी असाधारण गति के कारण यह उपनाम मिला है।

मिल्खा सिंह की असाधारण गति और एथलेटिक कौशल को देखते हुए उन्हें जनरल अयूब खान द्वारा ''फ्लाइंग सिख'' की उपाधि प्रदान की गई। उन्हें 1959 में **पद्म श्री** पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**28.** (*a*) कौशल भारत मिशन 2015 में **कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय** द्वारा शुरू किया गया था।

इस मिशन का उद्देश्य बेहतर आजीविका के लिए भारतीय युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण और प्रमाणन देना है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री तथा शिक्षा एवं कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री **श्री धर्मेंद्र प्रधान** हैं।

**29.** (*a*) 1950-51 में, भारत की GDP (सकल घरेलू उत्पाद) में औद्योगिक क्षेत्र का योगदान लगभग 11.8% था।

GDP किसी देश में एक निश्चित अवधि में उत्पादित अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के मौद्रिक मूल्य- (अर्थात, जिन्हें अंतिम उपयोगकर्ता द्वारा खरीदा जाता है) का मापन है।

आधुनिक GDP की अवधारणा प्रथम बार **सिमोन कुजनेट्स** द्वारा विकसित की गई थी।

**30.** (*b*) सत्रिया नृत्य, जो असम से उत्पन्न होता है, **भक्ति आंदोलन** से प्रेरित है।

असम की इस शास्त्रीय नृत्य शैली में **वैष्णववाद** के विषय और कहानियाँ शामिल हैं, जो हिंदू धर्म का एक रूप है और भक्ति आंदोलन का हिस्सा है।

नृत्य में प्रदर्शित विषय कृष्ण और विष्णु के अन्य अवतारों, महाभारत और रामायण जैसे महाकाव्यों की कहानियों से संबंधित होते हैं।

**31.** (*b*) नाइट्रोजन का परमाणु द्रव्यमान **14** है। परमाणु द्रव्यमान एक परमाणु के नाभिक में प्रोटॉन और न्यूट्रॉन की कुल संख्या होती है।

नाइट्रोजन में **7 प्रोटॉन और 7 न्यूट्रॉन,** जिनका योग 14 होता हैं।

किसी तत्व का परमाणु द्रव्यमान उसके परमाणुओं का औसत द्रव्यमान है; इसे परमाणु द्रव्यमान इकाइयों में मापा जाता है। नाइट्रोजन का **परमाणु क्रमांक 7** है।

**32.** (*b*) ईस्ट इंडिया एसोसिएशन की स्थापना **दादाभाई नौरोजी** ने 1866 में लंदन में की थी। यह प्रारंभिक भारतीय राजनीतिक संगठनों में से एक था जिसका उद्देश्य भारतीयों की समस्याओं का समाधान करना और ब्रिटिश जनता और संसद को उनके बारे में सूचित करना था।

दादाभाई नौरोजी, को प्राय: **'भारत का ग्रैंड ओल्ड मैन'** कहा जाता है।

**33.** (*c*) **रुक्मिणी देवी अरुंडेल** एक प्रसिद्ध भारतीय शास्त्रीय नृत्यांगना और कोरियोग्राफर थीं, जिन्हें **भरतनाट्यम** नृत्य में उनके योगदान के लिए जाना जाता है।

रुक्मिणी देवी अरुंडेल को 1956 में **पद्म भूषण** और 1957 में **संगीत नाटक अकादमी** से सम्मानित किया गया था।

भरतनाट्यम तमिलनाडु का एक भारतीय शास्त्रीय नृत्य है।

# 35 SSC जीडी सॉल्वड पेपर 2024

## (Held on 21st Feb 2024 Shift-4)

### भाग A: सामान्य बुद्धि और तर्कशक्ति

**1.** एक लड़की की तस्वीर की ओर इशारा करते हुए, राखी ने कहा, "वह मेरे पति की पत्नी की बेटी है।" लड़की का राखी से संबंध है?


(*a*) पिता की मां (*b*) बहन
(*c*) मां (*d*) बेटी



**2.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए विकल्पों में से, संबंधित अक्षर-युग्म का चयन कीजिए।



RLDY : SMEZ :: ?

(*a*) PORU : ZZOU (*b*) CPSF : DQTG
(*c*) ODAF : GKLN (*d*) RUCP : KMOA

**3.** निम्न में से कौन-सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति के पैटर्न को पूरा करेगी? (घूर्णन की अनुमति नहीं है)




(*a*)  (*b*) 

(*c*)  (*d*) 

**4.** निम्नलिखित प्रश्न में, तीन कथन और उसके बाद I और II क्रमांकित दो निष्कर्ष दिए गए हैं। दिए गए कथनों को सत्य मानते हुए, चाहे वे सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, निश्चय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से, कौन-सा निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

**कथन I.** कोई पहाड़, रेगिस्तान नहीं है।

**कथन II.** कुछ रेगिस्तान, रेतीले स्थान हैं।

**कथन III.** कुछ रेतीले स्थान, पहाड़ नहीं हैं।

**निष्कर्ष I.** कुछ रेगिस्तान, पहाड़ नहीं हैं।

**निष्कर्ष II.** कुछ रेतीले स्थान, पहाड़ हैं।

(*a*) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(*b*) न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है
(*c*) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(*d*) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं

**5.** यदि 59 * 60 # 45 @ 5 = 128 और 63 * 50 # 48 @ 12 = 117, तो 79 * 30 # 120 @ 20 = ?


(*a*) 115 (*b*) 129 (*c*) 118 (*d*) 120



**6.** नीचे एक श्रृंखला दी गई है जिसमें एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन कीजिए जो श्रृंखला को पूरा करेगा।



MR, VA, EJ, NS, ?

(*a*) NQ (*b*) WB (*c*) PR (*d*) WX


**7.** यदि एक दर्पण को रेखा AB पर रखा जाए, तो विकल्प आकृतियों में से, कौन-सी आकृति प्रश्न आकृति का सही प्रतिबिंब होगी?








(*a*)  (*b*) 

(*c*)  (*d*) 

**8.** दी गई विकल्प आकृतियों में से, उस आकृति का चयन कीजिए जिसमें प्रश्न में दी गई आकृति छिपी हुई/निहित है। (घूर्णन की अनुमति नहीं है)



(*a*)  (*b*) 

(*c*)  (*d*) 

**9.** छ: घर नीला, हरा, लाल, पीला, नारंगी और बैंगनी एक घेरे में, केंद्र की ओर मुख करके व्यवस्थित हैं। नीला घर, हरे घर के दाईं ओर से दूसरे स्थान पर और नारंगी घर के विपरीत स्थित है। पीला घर, लाल घर और नारंगी घर के ठीक बीच में स्थित है। बैंगनी घर, पीले घर के विपरीत स्थित है। नीले घर के ठीक दाईं ओर कौन-सा घर स्थित है?

(*a*) पीला (*b*) लाल (*c*) बैंगनी (*d*) हरा

**10.** निम्नलिखित विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन कीजिए जो पांचवे अक्षर-समूह से ठीक उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार चौथा अक्षर-समूह तीसरे अक्षर-समूह से संबंधित है, और दूसरा अक्षर-समूह पहले अक्षर-समूह से संबंधित है।

COMPLETE : COTEMPLE :: POSITION : POONSITI :: TROPICAL: ?

(*a*) TRALOPIC (*b*) TRALPOIC
(*c*) TRALOPCI (*d*) TRLAOPIC

**11.** दिए गए शब्दों को उसी क्रम में व्यवस्थित कीजिए, जिस क्रम में वे अंग्रेजी शब्दकोश में आते हैं।

1. MISSION 2. MISSED
3. MISSING 4. MIST
5. MIGHT


(*a*) 5, 4, 3, 2, 1 (*b*) 5, 4, 3, 1, 2
(*c*) 5, 1, 3, 4, 2 (*d*) 5, 2, 3, 1, 4



**12.** निम्नलिखित अक्षर-समूहों में से, अक्षरों का कौन-सा समूह क्रमबद्ध रूप से बाईं से दाईं ओर रखे जाने पर नीचे दी गई श्रृंखला को पूरा करेगा?



mnopmnop_nop_nopm_o_

(*a*) mnmn (*b*) oonp
(*c*) nnop (*d*) mmnp

**13.** दिए गए विकल्पों में से, उस आकृति का चयन कीजिए जिसे दी गई आकृति श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर रखा जा सकता है।




(*a*)  (*b*) 

(*c*)  (*d*) 

**14.** निम्नलिखित विकल्पों में से, दी गई श्रृंखला से लुप्त संख्या का चयन कीजिए।

2916, 972, 324, ?, 36, 12

(*a*) 108 (*b*) 117 (*c*) 119 (*d*) 120

**15.** नीचे दिए गए दो चिन्हों को आपस में बदलने पर निम्नलिखित में से, कौन-सा समीकरण सही होगा?

÷ और ×

(*a*) 32 + 3 – 12 ÷ 18 × 9 = 10
(*b*) 23 – 20 + 35 ÷ 2 × 10 = 10
(*c*) 9 × 3 + 8 ÷ 4 – 7 = 30
(*d*) 11 ÷ 12 × 6 + 8 – 10 = 25

**16.** निम्नलिखित विकल्पों में से, दी गई श्रृंखला से लुप्त संख्या का चयन कीजिए।

75, 77, 81, 89, 105, ?

(*a*) 140 (*b*) 144 (*c*) 130 (*d*) 137


**17.** पांच व्यक्ति अनुज, भीम, चेतन, धीर, और इमरान एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। चेतन और धीर के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। भीम, धीर के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। अनुज, भीम के ठीक दाईं ओर बैठा है। चेतन के ठीक दाईं ओर कौन बैठा है?



(*a*) अनुज (*b*) इमरान (*c*) भीम (*d*) धीर



**18.** एक निश्चित कूट भाषा में, 'KEPT' को '52' लिखा जाता है, और 'LACK' को 27 लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'LINE' को कैसे लिखा जाएगा?

(*a*) 41 (*b*) 40 (*c*) 42 (*d*) 50

**19.** दिए गए विकल्पों में से, उस आकृति का चयन कीजिए, जो आकृति श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर आएगी?




(*a*)  (*b*) 

(*c*)  (*d*) 

**20.** एक निश्चित कूट भाषा में 'TOWARD' को '962147' लिखा जाता है और 'WANTED' को '213957' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'WARRANT' को कैसे लिखा जाएगा?

(*a*) 2144129 (*b*) 2145129
(*c*) 2144139 (*d*) 2133129

## भाग B: सामान्य ज्ञान और सामान्य जागरूकता

**21.** भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से, कौन-से अनुच्छेद का संबंध भारतीय संसद से है?

(*a*) 79-122 (*b*) 1-12
(*c*) 12-40 (*d*) 40-70

**22.** भारत की व्यावसायिक बैंकों के बारे में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए।

A. व्यावसायिक बैंक दूसरे प्रकार के संस्थान हैं जो द्रव्य निर्माण अर्थव्यवस्था का एक भाग हैं।

B. वे जनता से जमा स्वीकार करते हैं और इस रकम का एक भाग उन लोगों को उधार देते हैं जो उधार लेना चाहते हैं।

गलत कथन/कथनों की पहचान कीजिए।

(*a*) केवल B
(*b*) केवल A
(*c*) न तो A और न ही B
(*d*) A और B दोनों

**23.** भारत में कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए 'सदाबहार क्रांति (Evergreen Revolution)' शब्द किसने गढ़ा?

(*a*) एम.एस. स्वामीनाथन
(*b*) महात्मा गांधी
(*c*) राम मनोहर लोहिया
(*d*) आर.वी. राव

**24.** इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला संस्करण निम्नलिखित में से, किस वर्ष आयोजित किया गया था?

(*a*) 2008 (*b*) 2003 (*c*) 2018 (*d*) 2015

**25.** द्रवों के विसरण की दर के संबंध में निम्नलिखित में से, कौन-सा कथन सही है?

I. द्रवों के विसरण की दर ठोसों की अपेक्षा अधिक होती है।

II. यह इस तथ्य के कारण है कि द्रव अवस्था में कण स्वतंत्र रूप से गति करते हैं तथा ठोस अवस्था में कणों की अपेक्षा द्रव के कणों के बीच रिक्त स्थान अधिक होता है।

(*a*) केवल II
(*b*) केवल I
(*c*) I और II दोनों
(*d*) न तो I और न ही II

**26.** भारत पहली बार क्रिकेट विश्व कप का विजेता कब बना?

(*a*) 1983 (*b*) 1975 (*c*) 1999 (*d*) 1981

**27.** निम्नलिखित में से, कौन यंग बंगाल आंदोलन से जुड़ा था?

(*a*) विलियम जोन्स
(*b*) चार्ल्स वुड
(*c*) हेनरी थॉमस कोलब्रुक
(*d*) हेनरी डेरोजियो

**28.** भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से, कौन-सा अनुच्छेद मौलिक कर्तव्यों से संबंधित है?

(*a*) अनुच्छेद 51A (*b*) अनुच्छेद 300A
(*c*) अनुच्छेद 50 (*d*) अनुच्छेद 49

**29.** निम्नलिखित में से किस राज्य सरकार ने आदिवासी गांवों को मुख्य सड़कों से जोड़ने के लिए भगवान बिरसा मुंडा जोड़-रास्ते योजना (Bhagwan Birsa Munda Jodaraste Scheme) शुरू की है?

(*a*) हरियाणा (*b*) पश्चिम बंगाल
(*c*) बिहार (*d*) महाराष्ट्र

**30.** मेगस्थनीज़ ने पाटलिपुत्र के बारे में लिखा है कि यह एक बड़ा और सुंदर शहर है जो एक विशाल दीवार से घिरा हुआ है। इसमें 570 मीनारें (towers) और ________ द्वार हैं।

(*a*) 74 (*b*) 64 (*c*) 44 (*d*) 54

**31.** अक्टूबर 2022 में, न्यायमूर्ति ________ को भारत सरकार द्वारा गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

(*a*) संजय कौल (*b*) अशोक भूषण
(*c*) दिनेश कुमार (*d*) कृष्ण खन्ना

**32.** निम्नलिखित विकल्पों में से, ________ उच्चतम साक्षरता दर (जनगणना 2011) वाला राज्य/केंद्र शासित प्रदेश है।

(*a*) बिहार (*b*) राजस्थान
(*c*) गोवा (*d*) लक्षद्वीप

**33.** एक सामान्य फ्रीस्टाइल कुश्ती मुकाबले को, तीन-तीन मिनट की ________ अवधियों में विभाजित किया जाता है, जिनके बीच में 30 सेकंड का एक ब्रेक होता है।

(*a*) 3 (*b*) 4 (*c*) 5 (*d*) 2

**34.** ________ एक ऐसी अवस्था या स्थिति है जिसमें किसी व्यक्ति या समुदाय के पास न्यूनतम जीवन स्तर के लिए वित्तीय संसाधनों और आवश्यक वस्तुओं का अभाव होता है।

(*a*) निर्धनता (*b*) अनैतिक
(*c*) निरक्षरता (*d*) बेरोजगारी

**35.** निम्नलिखित में से, कौन संगीत वाद्ययंत्र कंजिरा (Kanjira) के वादन के लिए प्रसिद्ध है?

(*a*) पन्नालाल घोष
(*b*) किशन महाराज
(*c*) पुदुक्कोट्टई दक्षिणामूर्ति पिल्लई
(*d*) एस.वी. राजाराव

**36.** मई 2023 में, कर्नाटक में पुलिस महानिदेशक प्रवीण सूद को ________ का अगला निदेशक नियुक्त किया गया है।

(*a*) केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI)
(*b*) सीआरपीएफ (CRPF)
(*c*) एफबीआई (FBI)
(*d*) विश्व बैंक (World Bank)

**37.** पूंजीवादी समाज में उत्पादित वस्तुओं को लोगों के बीच ________ वितरित किया जाता है।

(*a*) लोगों की आवश्यकता के आधार पर और क्रय शक्ति के आधार पर
(*b*) क्रय शक्ति के आधार पर नहीं
(*c*) लोगों को क्या चाहिए केवल इस आधार पर
(*d*) लोगों को क्या चाहिए इसके आधार पर नहीं बल्कि क्रय शक्ति के आधार पर

**38.** हॉर्नबिल पर्व (Hornbill Festival) निम्नलिखित में से, किस राज्य में मनाया जाता है?

(*a*) मणिपुर (*b*) नागालैंड
(*c*) असम (*d*) मिजोरम

**39.** संरचनात्मक समायोजन नीतियों (Structural Adjustment Policies) की शुरुआत के बाद आठवीं पंचवर्षीय योजना अंततः ________ में शुरू की गई थी।

(*a*) 1989 (*b*) 1992
(*c*) 1991 (*d*) 1990

**70.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।

पानी की तरह बहाना

(*a*) कीमती न होना
(*b*) नरम डील होना
(*c*) अँधाधुंध खर्च करना
(*d*) नदी पार करना

**71.** दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है। यदि कोई त्रुटि नहीं है, 'तो कोई त्रुटि नहीं है' विकल्प चुनें।

मैं ऐसा करना पहले से निश्चित कर रखा था।

(*a*) मैं ऐसा करना (*b*) कोई त्रुटि नहीं है
(*c*) कर रखा था। (*d*) पहले से निश्चित

**72.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो वाक्यांश के लिए एक शब्द का विकल्प हो।

जिससे किसी प्रकार की हानि नहीं हो

(*a*) निरापद (*b*) निराधार
(*c*) निराहार (*d*) निरामिष

**73.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही पुल्लिंग रूप वाला विकल्प हो।

हमें चावल-दाल के साथ ________ खाना चाहिए।

(*a*) घी (*b*) मिठाई
(*c*) लस्सी (*d*) चटनी

**74.** निम्नलिखित वाक्य में, उस वाक्यांश को पहचानिए जिसमें मात्राओं से संबंधित अशुद्धियाँ हैं। यदि कोई गलती नहीं हैं तो 'कोई त्रुटि नहीं है' का चुनाव कीजिए।

जो आदमी दूसरों के भावों का आदर/करना नहीं जानता उससे दुसरे में भी सद्भावना/की आशा नहीं करनी चाहिए।

(*a*) करना नहीं जानता उससे दुसरे में भी सद्भावना
(*b*) की आशा नहीं करनी चाहिए
(*c*) जो आदमी दूसरों के भावों का आदर
(*d*) कोई त्रुटि नहीं है

**75.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो वाक्यांशों के लिए एक शब्द का विकल्प हो।

सिर से पाँव तक

(*a*) आपादमस्तक (*b*) आचारपूत
(*c*) आततायी (*d*) आधोपांत

**निर्देश (76-80):** नीचे दिए गये गद्यांश में कुछ शब्द छोड़ दिये गए हैं, प्रत्येक अनुच्छेद के सामने चार विकल्प दिए गए हैं। इस गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें और चार विकल्पों में से, सर्वोत्तम उत्तर वाला विकल्प चुनें।

शिक्षा से बढ़कर कोई ताकत नहीं होती है। शिक्षा मनुष्य को शिक्षित और ________ इंसान बनाती है। शिक्षा मनुष्य के व्यक्तित्व में सकारात्मक परिवर्तन लाती है। शिक्षित व्यक्ति ________ बनता है और परिवार के लिए रोजगार कर सकता है। लड़का और लड़की एक बराबर हैं। ऐसी कोई चीज़ नहीं जो लड़कियां नहीं कर सकती हैं। कई जगहों और क्षेत्रों में लड़कियों ने लड़कों की तुलना में अपने आपको ________ साबित किया है। देश की सम्पूर्ण उन्नति के लिए जितना लड़कों का शिक्षित होना आवश्यक है, उतना लड़कियों का शिक्षित होना जरूरी है। अगर पहले सदी से ही लड़कियों को भी उतनी सुविधाएं और सुअवसर दिए जाते, तो लड़कों की तरह, हर एक लड़की आज शिक्षित होती। लड़कियां आजकल शिक्षित हो रही हैं। लड़कियां कई सफल पद पर बड़े ________ और लगन के साथ काम कर रही हैं। कामकाजी महिलाएं दफ्तरों में काम कर रही हैं और घर भी संभाल रही हैं। लड़कियों से उनके पढ़ने का हक छीनना सरासर गलत है। कुछ परिवार लड़कों को कुल का दीपक समझते हैं, मगर घर की _______ तो लड़कियों से भी होती है।

**76.** शिक्षा मनुष्य को शिक्षित और ________ इंसान बनाती है।

(*a*) सभ्य (*b*) अधीर
(*c*) असभ्य (*d*) अशिक्षित दोनों

**77.** शिक्षित व्यक्ति ________ बनता है और परिवार के लिए रोजगार कर सकता है।

(*a*) जिम्मेदार (*b*) गैरजिम्मेदार
(*c*) पढ़ाकू (*d*) बड़ा

**78.** कई जगहों और क्षेत्रों में लड़कियों ने लड़कों की तुलना में अपने आपको ________ साबित किया है।

(*a*) मज़ेदार (*b*) बेहतर
(*c*) परिपूर्ण (*d*) सुंदर

**79.** लड़कियां कई सफल पद पर बड़े ________ और लगन के साथ काम कर रही हैं।


(*a*) मस्ती (*b*) काम
(*c*) लोगों के साथ (*d*) आत्मविश्वास

**80.** कुछ परिवार लड़कों को कुल का दीपक समझते हैं, मगर घर की ________ तो लड़कियों से भी होती है।

(*a*) रोशन (*b*) दिवाली
(*c*) सफाई (*d*) कमाई

## उत्तरकुंजी एवं व्याख्या

**1.** (*d*)





अत: लड़की राखी की बेटी हैं।

**2.** (*b*) जिस प्रकार, R →(+1) S, L →(+1) M, D →(+1) E, Y →(+1) Z

उसी प्रकार, C →(+1) D, P →(+1) Q, S →(+1) T, F →(+1) G

**3.** (*a*)



**4.** (*a*)





अत:, केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

**5.** (*a*) जिस प्रकारए
59 * 60 # 45 @ 5 = 128
$\Rightarrow$ 59 + 60 + 45 ÷ 5 = 119 + 9 = 128
और 63 * 50 # 48 @ 12 = 117
$\Rightarrow$ 63 + 50 + 48 ÷ 12 = 113 + 4 = 117
तो, 79 * 30 # 120 @ 20
$\Rightarrow$ 79 + 30 + 120 ÷ 20 = 109 + 6 = 115


**6.** (*b*) तर्क: प्रत्येक अक्षर जोड़े को 5 से बढ़ाया जाता है।

M →(+5) R, V →(+5) A, E →(+5) J, N →(+5) S, W →(+5) B


**7.** (*b*)




**8.** (*a*)




**9.** (*b*)





अत:, नीले घर के ठीक दाईं लाल घर है।

**10.** (*a*) जिस प्रकारए





## SSC परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण पुस्तकें










₹249/-

ISBN 978-93-48083-46-3

PHYSICS WALLAH PUBLICATION

To Buy PW Books
SCAN ME!

To share Feedback
SCAN ME!